# राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

सं०सं०–01–स्था०–(विविध नीलाम पत्र)–06/2024– 1426

प्रेषक,

**गिरिवर दयाल सिंह, भा०प्र०से०,**
सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

सेवा में,

**सभी प्रमंडलीय आयुक्त,**
बिहार।

पटना, दिनांकः– 28-05-2025

**विषयः–** **नीलाम पत्र वाद एवं राजस्व न्यायालय में अन्य वाद की समीक्षा के क्रम में लंबित बॉडी वारंट के निष्पादन हेतु वारंट सप्ताह की घोषणा के संबंध में।**

**महाशय,**

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि दिनांक–15.05.2025 को माननीय अध्यक्ष–सह–सदस्य, राजस्व पर्षद, बिहार की अध्यक्षता में नीलाम पत्र वाद, राजस्व एवं अन्य वाद की समीक्षा के क्रम में नीलाम पत्र वाद के त्वरित निष्पादन में बॉडी वारंट के Execution हेतु 02 जून से आरंभ होने वाले सप्ताह को वारंट सप्ताह घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

उपरोक्त लिये गये निर्णय के आलोक में दिनांक–02.06.2025 से शुरू होने वाले सप्ताह को 'वारंट सप्ताह' के रूप में घोषित किया जाता है। इसके लिए संबंधित बैंक Logistic Support आदि संबंधित पदाधिकारियों को उपलब्ध करायेंगे तथा सभी प्रमंडलों में नीलाम पत्र पदाधिकारी अपने अधीनस्थ क्षेत्र अंतर्गत जन जागरूकता अभियान, थाना द्वारा कैम्प अथवा अन्य कार्यक्रम आयोजित कर लंबित नीलाम पत्र वाद का निष्पादन करायेंगे।

अनुरोध है कि संबंधित मामले में प्राप्त सूचना को समेकित कर प्रतिदिन अपराह्न 05.00 बजे राजस्व पर्षद, बिहार, पटना को उपलब्ध करायी जाय।

विश्वासभाजन
28/5/25
सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 01–स्था०–(विविध नीलाम पत्र)–06/2024– 1426 पटना, दिनांक– 28-05-2025

प्रतिलिपिः– माननीय अध्यक्ष–सह–सदस्य के कोषांग/श्री प्रेम सिंह मीणा, अपर सदस्य का कोषांग/श्री दयानिधान पाण्डेय, अपर सदस्य का कोषांग/सचिव के आप्त सचिव/उप सचिव, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28/5/25
सचिव,
राजस्व पर्षद, बिहार, पटना।

e:\d drive\sachin\letter\06 2024 nilam patra wad.docx